अपनी बिल्ली को घर पर कैसे सुरक्षित रखें

RSPCA New South Wales

क्या आप जानते हैं...



बिल्लियों के **तीन में से दो** मालिक घूमने के समय अपनी बिल्ली गंवा चुके हैं?

अपनी बिल्लियों को घर से बाहर इधर-उधर जाने से रोक कर, आप अपनी बिल्ली को किसी कार से टकराने, बीमारी और पैरासाइट (परजीवी) से, गुम हो जाने या चुरा लिए जाने, या बिल्लियों की आपसी लड़ाई में घायल होने और कुत्तों के हमलों से बचा सकते हैं।

अच्छी बात ये है कि आप अपने घर पर ही अपनी बिल्ली की सभी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं! आपकी बिल्ली की घरेलू जीवन-शैली उन्हें खुश, स्वस्थ, तन्दरुस्त और सक्रिय रखने वाले समृद्ध क्रियाकलापों से भरी हो सकती है।

जब आप पहली बार किसी नई बिल्ली या छोटे-से बिलौटे को घर लाते हैं तभी से ही सही शुरुआत कर देनी चाहिए, लेकिन थोड़े धैर्य और योजनाबद्ध ढंग से काम करने से किसी भी बिल्ली को घरेलू जीवन-शैली में ढाला जा सकता है।

यह प्रोजेक्ट NSW गवर्नमेंट के इन्वायरनमेंटल ट्रस्ट (Environmental Trust) के माध्यम से सहायता-प्राप्त है।

आपकी बिल्ली को घर पर सुरक्षित रखने के कई विकल्प हैं:

घर के भीतर

बिल्लियों को इधर-उधर भटकने से रोकने का सबसे आसान और सस्ता उपाय है उन्हें घर पर ही रखना और अपार्टमेंटों में रहने वाले अनेक लोग बड़ी सफलतापूर्वक यह कर लेते हैं। पूर्ण रूप से घरेलू जीवन-शैली तब कारगर होती है जब आप अपनी बिल्ली की सभी जरूरतों को अपने घर पर ही पूरा कर सकते हों:

- भोजन
- पानी
- नोचने के लिए खंभे
- मल-मूत्र के लिए ट्रे
- मुलायम बिछावन वाले हाइड-आउट्स, जिनमें कुछ ऐसे बिछावन भी शामिल हैं जो ज़मीन से थोड़े ऊंचे हों (जैसे: कबर्ड, बॉक्स, ओपन कैट करियर)
- ऊंचाई पर चढ़ सकने की संभावना (जैसे: शेल्फ, फ़र्नीचर के ऊपर, चढ़ने के लिए खंभे और ऊंचे चबूतरे)
- खेलने का समय जिनमें उनके पीछे-पीछे भागने, खदेड़ने, झपट्टा मारने और खिलौनों, खाने की वस्तुओं को लपकने जैसी बातें शामिल हों
- मनुष्य और बिल्ली के बीच आपसी व्यवहार (जैसे: थपथपाना, दुलारना)

लम्बवत जगह का अधिकतम लाभ उठाते हुए और आपसी क्रिया एवं खेलकूद का अवसर प्रदान करते हुए, एक छोटा-सा घर भी आपकी बिल्ली के लिए रोचक और मनोरंजक हो सकता है। कैट-प्रूफ फ्लाई स्क्रीन्स आपकी बिल्ली को सुरक्षित रूप से बाहर के नजारों, गंध और ध्वनियों का अनुभव पाने में सक्षम बना सकते हैं।

सुरक्षित रूप से बाहर जाने की सुगमता

अनेक बिल्लियों को बाहर जाने की सुरक्षित सुगमता से बड़ा लाभ मिलता है – अगल-बगल के दृश्य, आवाजें और गंध बहुत ही शानदार चीजें हो सकती हैं! अपनी बिल्ली को सुरक्षित रखते हुए उसे बाहर और भीतर दोनों ही संसारों का शानदार अनुभव देने के कई उपाय हैं:

1. बाहर का बाड़ा (कैटियो)

जालीदार या तार के घेरों से बना कैटियो आपकी बिल्ली को बाहर का अनुभव और आपको मन की शांति दे सकता है। उन्हें बिल्ली के इनडोर स्पेस से एक विंडो या कैट फ्लैप के ज़रिये जोड़ा जा सकता है।

- थोड़ा रचनात्मक बनिए! कैटियो के डिजाइन किसी भी आउटडोर स्पेस के अनुकूल हो सकते हैं – चाहे वे बड़े हों या छोटे
- अपने कैटियो को कहीं सुरक्षित स्थान पर रखें (कुत्तों और दूसरी बिल्लियों की नज़र से दूर)
- अपनी बिल्ली को उनके आउटडोर स्पेस से बेहतरीन लाभ उठाने दीजिए – छिपने, आराम करने और खेलने के लिए ऊंचे स्थान की व्यवस्था करके (जैसे: प्लेटफार्म्स, स्क्रैचिंग टावर्स, खटोले)
- ध्यान दें कि हालांकि बहुत-सी बिल्लियों को चिड़ियों और अन्य जीव-जंतुओं को दूर से ही देखना अच्छा लगेगा लेकिन बेहतर होगा कि बर्डबाथ या बर्डफीडर जैसी चीजें कैटियो के बहुत करीब न हों ताकि आपकी बिल्ली डर न जाए या परेशान न हो

कुछ प्रेरणा चाहिए? वेबसाइट पर जाएँ: catnets.com.au

2. एस्केप-प्रूफ फेन्सिंग (बिल्लियों को भागने से रोकने वाली घेराबंदी)

- पलायन-रोधी आउटडोर स्पेस उपलब्ध कराने में आपकी सहायता के लिए अनेक उत्पाद उपलब्ध हैं। आप चाहें तो 'एस्केप-प्रूफ टॉप' के साथ ठोस घेराबंदी स्थापित कर सकते हैं या अपनी मौजूदा घेराबंदी के ऊपर से रेट्रोफिट करा सकते हैं
- एस्केप-प्रूफ टॉप्स के उदाहरणों में शामिल हैं नेटिंग, रॉलिंग सिलिंडर्स, शीटिंग (स्मूथ मेटल या प्लास्टिक) तथा इन्वार्ड-इन्क्लाइन्ड वायर
- बच निकलने के रास्तों की नियमित जांच करते रहें (जैसे: घेराबंदी में कोई खाली जगह, लटकते हुए पेड़)
- आप पेड़ के तने के चारों ओर धातु या प्लास्टिक के बने चिकने ≥2 ऊंचे बैंड लगाकर अपनी बिल्ली को घेराबंदी के ऊपर उछलने से रोक सकते हैं

3. हर बिल्ली को यह पसन्द नहीं हो सकता कि **हार्नेस के ऊपर उसके खेल-कूद और ऐडवेंचर पर कोई नजर रखे,** और इसके लिए उन्हें सावधानीपूर्वक थोड़े प्रशिक्षण और आदत डालने के लिए वक्त की जरूरत हो सकती है, लेकिन जहां कैटियो का विकल्प उपलब्ध नहीं है वहां यह काफी समृद्ध अनुभव हो सकता है।

और अधिक जानकारी, प्रोत्साहन, प्रेरणा तथा अपनी बिल्लियों को घर पर सुरक्षित रखने वाले बिल्ली-प्रेमियों के हमारे समुदाय में साइन-अप करने के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

rspcansw.org.au/keeping-cats-safe

RSPCA New South Wales

NSW GOVERNMENT